बिजली की फिटिंग को अच्छी चालू हालत में बनाये रखने के लिए उनके अनुरक्षण में सुधार करने और उठाईगीरी और चोरी रोकने के लिए सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था करने के उपाय किये गए हैं।

Utilisation of agricultural by-products

2188. SHRI RAGHUVIR SINGH SHASTRI : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that a sufficient quantity of agricultural by-products can be profitably utilised in many industries in the country ;

(b) if so, whether Government have conducted any survey in this regard and prepared any programme ;

(c) if so, the details thereof ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a). Yes, Sir.

(b) to (d) : With a view to taking up detailed studies of potential industries in agriculturally surplus areas to encourage local people to take specific industries for establishing new small scale units and suggesting guidelines to banking institutions for financing of these agro-based industries Government have set up a Working Group. Its report is expected by 31st march, 1970.

दिल्ली शाहदरा से सहारनपुर तक ब्राडगेज लाइन

2189. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्तमान शाहदरा-सहारनपुर लाईट रेलवे क्षेत्र में ब्राड गेज लाइन बनाने के लिए किया जा रहा सर्वेक्षण-कार्य अब पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो यह लाइन कहां-कहां से गुजरेगी तथा निर्माण-कार्य किस तारीख से आरम्भ होगा तथा किस तारीख तक पूरा-पूरा हो जायेगा ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो देरी होने के क्या कारण हैं तथा सर्वेक्षण कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) अभी नहीं।

(ख) और (ग). सर्वेक्षण का काम जारी है और आशा है कि यह काम अक्तूबर, 1969 के अन्त तक पूरा हो जायेगा। जिन स्थानों में से होकर यह लाइन गुजरेगी उनका पता भी सर्वेक्षण पूरा हो जाने के बाद ही चलेगा।

संयुक्त अरब गणराज्य में छोटे पैमाने के उद्योगों का विकास करने के लिए भारत की सहायता

2190. **श्री रामावतार शर्मा** :
श्री वी० चं० शर्मा :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवायकार्य** मंत्री 6 मई, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 8591 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त अरब गणराज्य द्वारा छोटे पैमाने के उद्योगों का विकास करने के लिए माँगी गई सहायता के बारे में इस बीच अन्तिम रूप से निर्णय कर लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो सहायता किस रूप में तथा किस तारीख से दी जायेगी ; और

(ग) यदि नहीं, तो देरी होने के क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद : (क) से (ग). मामला अभी सरकार के विचाराधीन है।